अनन्तकाल में

हिंदी अनुवादक: पादरी विजय पाल सिंह

पाठ 13, जून 27, 2026 के लिए

“हे प्रियो, अब हम परमेश्वर की सन्तान हैं, और अभी तक यह प्रगट नहीं हुआ कि हम क्या कुछ होंगे! इतना जानते हैं कि जब वह प्रगट होगा तो हम उसके समान होंगे, क्योंकि उसको वैसा ही देखेंगे जैसा वह है।”

(1 यूहन्ना 3:2)

यद्यपि अपने पूरे जीवन में परमेश्वर के साथ संबंध रखना और उसे जानना अत्यन्त महत्वपूर्ण है, फिर भी यही मसीही जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं है।

हम इससे भी बढ़कर किसी बात की आशा रखते हैं। हम उस परमेश्वर से आमने-सामने मिलना चाहते हैं, जिससे हम यहाँ मिले हैं और जिसके साथ हमने संगति की है।

उस क्षण तक कितना समय शेष है? उसके बाद क्या होगा? यह ज्ञान मेरे दैनिक जीवन को कैसे प्रभावित करता है?



प्रतीक्षा का समय

दूसरा आगमन

घर पहुँचना

हम अनन्तकाल में क्या करेंगे?

हमारी जिम्मेदारी

प्रतीक्षा का समय

"पर यह स्मरण रख कि अन्तिम दिनों में कठिन समय आएँगे।" (2 तीमुथियुस 3:1)

यीशु ने हमें ऐसे चिन्ह दिए जो उसके दूसरे आगमन से पहले प्रकट होंगे। ये ऐसी घटनाओं की श्रृंखला हैं जो उस समय के निकट आने पर और अधिक बढ़ती जाएँगी (मत्ती 24:6-11):

- लड़ाइयों और लड़ाइयों की चर्चाएँ
- राज्य पर राज्य चढ़ाई करेगा
- महामारियाँ, अकाल और भूकम्प
- मसीहियों से बैर रखा जाएगा
- सामान्य धर्मत्याग
- झूठे भविष्यद्वक्ता जो लोगों को भरमाएँगे



चल रहे सशस्त्र संघर्षों का मानचित्र:
- बड़े युद्ध (10,000 या अधिक मृत्यु)
- छोटे युद्ध (1,000–9,999 मृत्यु)
- संघर्ष (100–999 मृत्यु)
- झड़पें और टकराव (1–99 मृत्यु)

इन "कठिन समय" (2 तीमुथियुस 3:1) में अपना विश्वास बनाए रखने के लिए हमें परमेश्वर के साथ सही संबंध विकसित करना चाहिए, और यह आश्वासन रखना चाहिए कि उसने हमारे पापों को क्षमा कर दिया है और हम उसके द्वारा उद्धार पाए हैं।

एक आत्मिक जागृति की आवश्यकता है। हमें आसाप की तरह प्रार्थना करनी चाहिए: "हे परमेश्वर, हम को ज्यों का त्यों कर दे; और अपने मुख का प्रकाश चमका, तब हमारा उद्धार हो जाएगा।" (भजन संहिता 80:3)।

दूसरा आगमन

"वह तुरही के बड़े शब्द के साथ अपने दूतों को भेजेगा, और वे आकाश के इस छोर से उस छोर तक, चारों दिशाओं से उसके चुने हुओं को इकट्ठा करेंगे।" (मत्ती 24:31)

मत्ती 24:29-31 इस महान घटना की मुख्य घटनाओं का सार प्रस्तुत करता है, जिसका दृश्य अन्य पद्यों द्वारा और भी स्पष्ट किया गया है:

उस क्षण, जब तुरहियाँ फूँकी जायेंगी और हर मनुष्य की आँख यीशु को देखेगी, तब हम जानेंगे कि प्रतीक्षा करना सार्थक था। हर धैर्यपूर्ण प्रार्थना, हर वह समय जब हमने उसके साथ रहने को प्राथमिकता दी, हर वह अवसर जब हमने उसके लिए साहसपूर्वक गवाही दी, हर परीक्षा—इन सबका चरम उसके मुख-मण्डल को देखने में पूरा होगा।

बड़े-बड़े विनाश पृथ्वी को हिला देंगे (प्रकाशितवाक्य 6:12-14)

मनुष्य के पुत्र का चिन्ह प्रकट होगा (एक छोटा बादल)

यीशु बादलों में प्रकट होगा (प्रकाशितवाक्य 1:7)

उसकी आवाज़ मरे हुओं को जिलाएगी और जीवितों को बदल देगी (यूहन्ना 5:28; 1 थिस्सलुनीकियों 4:16; 1 कुरिन्थियों 15:51-52)

स्वर्गदूत उद्धार पाए हुओं को इकट्ठा करके यीशु के पास ले जाएँगे (1 थिस्सलुनीकियों 4:17)

घर पहुँचना

“मेरे पिता के घर में बहुत से रहने के स्थान हैं, यदि न होते तो मैं तुम से कह देता; क्योंकि मैं तुम्हारे लिये जगह तैयार करने जाता हूँ।” (यूहन्ना 14:2)



स्वर्ग में एक ऐसा स्थान है जिसे यीशु ने हमारे लिए तैयार किया है—एक नगर जिसमें हम निवास करेंगे: नया यरूशलेम (यूहन्ना 14:2; इब्रानियों 11:10; प्रकाशितवाक्य 21:10)।

यह नगर, और इसके निवासी—अर्थात् हम—“मेम्ने की दुल्हन” कहलाते हैं (प्रकाशितवाक्य 21:2, 9; 19:7-8)।



हमारे नए घर में जिस पहली घटना में हम सम्मिलित होंगे, वह अविस्मरणीय होगी: मेम्ने का विवाह-भोज (प्रकाशितवाक्य 19:9)।



परन्तु मसीह की दुल्हन बनने के लिए, हमें पहले इसी पृथ्वी पर उसकी दुल्हन बनना होगा। हमें अभी यीशु के साथ घनिष्ठ संबंध रखना चाहिए। उसे जानने के लिए। प्रतिदिन उससे बात करने के लिए। उस पर भरोसा करने के लिए। और उस दिन की लालसा करने के लिए जब हम उसके साथ सदा जीवित रहेंगे।

हम अनन्तकाल में क्या करेंगे?

“क्योंकि मेम्ना जो सिंहासन के बीच में है उनकी रखवाली करेगा, और उन्हें जीवन रूपी जल के सोतों के पास ले जाया करेगा; और परमेश्वर उनकी आँखों से सब आँसू पोंछ डालेगा।” (प्रकाशितवाक्य 7:17)

स्वर्ग में हमें जो सबसे बड़ा आशीर्वाद मिलेगा, वह यीशु को देखना और हमारे लिए उसने जो कुछ किया है उसके लिए उसे धन्यवाद दे पाना होगा।

लेकिन हम सदा स्वर्ग में नहीं रहेंगे। एक समय आएगा जब हम पृथ्वी पर उतरेंगे, जो हमारा अंतिम घर होगा (प्रकाशितवाक्य 21:1-3; भजन संहिता 37:9)। यद्यपि वहाँ बुराई अब नहीं होगी, फिर भी यीशु हमारा चरवाहा बना रहेगा और कोमलता से हमारी देखभाल करेगा (यशायाह 25:8; प्रकाशितवाक्य 7:17)।

निश्चित ही वहाँ का जीवन निष्क्रिय नहीं होगा। जैसे परमेश्वर ने सृष्टि के समय मनुष्य को कार्य दिया था, वैसे ही वहाँ भी हममें से प्रत्येक के पास एक उद्देश्य होगा। हम अपने ज्ञान को बढ़ा सकेंगे और लगातार नए अद्भुत रहस्यों की खोज करेंगे।

आज की स्थिति के विपरीत, तब हमारे विचार पूरी तरह परमेश्वर की ओर केन्द्रित होंगे, और उसका प्रेम हमारे सम्पूर्ण अस्तित्व के हर अंश को भर देगा (प्रकाशितवाक्य 14:1)।

हमारी जिम्मेदारी

“आत्मा और दुल्हिन दोनों कहती हैं, “आ!” और सुननेवाला भी कहे, “आ!” जो प्यासा हो वह आए, और जो कोई चाहे वह जीवन का जल सेंतमेंत ले।” (प्रकाशितवाक्य 22:17)

नए यरूशलेम—हमारे अनन्त घर—में जीवन के जल की एक नदी परमेश्वर के सिंहासन से निकलती है, जो जीवन के वृक्ष को सिंचित करती है (प्रकाशितवाक्य 22:1-2)। यह प्रचुर जीवन, अनन्त जीवन है।

उस तक पहुँचना निःशुल्क है। यीशु ने इसकी कीमत चुका दी है। हमने एक दिन पवित्र आत्मा के आह्वान पर प्रतिक्रिया दी और यह जाना कि वहाँ कैसे पहुँचना है, परन्तु अभी भी बहुत लोग उस मार्ग को नहीं जानते।



हम पर उन लोगों के प्रति जिम्मेदारी है जो अनन्त जीवन की लालसा रखते हैं, पर उसे प्राप्त करने का मार्ग नहीं जानते। हमें ऊँचे स्वर से यह घोषणा करनी चाहिए: “जो प्यासा हो वह आए, और जो कोई चाहे वह जीवन का जल सेंतमेंत ले” (प्रकाशितवाक्य 22:17)।

जब तक वह समय नहीं आता जब हम उस जल को पी सकें, तब तक हम प्रतीक्षा से थकें नहीं। हमारी लालसा जीवित रहे। हे प्रभु यीशु, आ!

“महान संघर्ष समाप्त हो गया है। पाप और पापी अब नहीं रहे। समस्त ब्रह्मांड शुद्ध हो चुका है। एक ही लय में सामंजस्य और आनन्द की धड़कन विशाल सृष्टि में गूंज रही है। जिसने सब कुछ बनाया, उसी से जीवन, प्रकाश और आनन्द अनन्त अंतरिक्ष के सभी क्षेत्रों में प्रवाहित हो रहे हैं। सबसे सूक्ष्म परमाणु से लेकर सबसे विशाल संसार तक, सभी वस्तुएँ—सजीव और निर्जीव—अपनी अनछुई सुन्दरता और पूर्ण आनन्द में यह घोषणा करती हैं कि परमेश्वर प्रेम है।”

ई जी व्हाइट (महान संघर्ष, पृष्ठ 678)